Patrika (Indore), 13th June 2026, Page-04

आइआइटी इंदौर का दीक्षांत समारोह 27 को

इंदौर @ पत्रिका. आइआइटी इंदौर का 14वां दीक्षांत समारोह 27 जून को आयोजित किया जाएगा। समारोह की खासियत होगी कि देश के विज्ञान, तकनीक और नवाचार क्षेत्र की दो प्रमुख हस्तियां विद्यार्थियों के बीच मौजूद रहेंगी। कर्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. अभय करांदिकर मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता इसरो के पूर्व चेयरमैन एवं आइआइटी इंदौर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन डॉ. के. सिवन करेंगे। दोपहर 2:30 बजे से होने वाले समारोह में यूजी, पीजी और शोधार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी।